Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-180 | सागवाड़ा, सोमवार, 7 मार्च, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## उधार दिए पैसे व गहने नहीं लौटाने से परेशान महिला ने की आत्महत्या

### आत्महत्या से पहले की ऑडियो रिकॉर्डिंग, 4 लोगों पर लगाए उधार दिए पैसे व गहने नहीं लौटाने के आरोप





**सागवाड़ा।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के भीलूडा गांव में उधार दिए सोने के जेवरात और 13 लाख रुपए का कैश नहीं लौटाने से परेशान एक महिला ने सेल्फोस की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। इधर आत्महत्या से पहले का महिला का एक ऑडियो भी सामने आया है। जिसमे महिला जहर खाने की वजह भी बता रही है। इधर ऑडियो सामने आने के बाद परिजनों ने सागवाडा थाने पर हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

बॉडी-डूंगरपुर जिले के सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की भीलूडा निवासी 37 वर्षीय रीना पंचाल ने कल विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद रीना की तबियत बिगड़ गई थी। तबियत बिगड़ने पर परिजन रीना को गंभीर हालत में लेकर सागवाडा पहुंचे थे और सागवाडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। लेकिन रात को रीना की उपचार के दौरान मौत हो गई। सुचना पर सागवाडा थाना पुलिस सागवाडा के निजी अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया था। इधर रीना द्वारा आत्महत्या के बाद उसका एक ऑडियो सामने आया है। जिसमे उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने के कारणों का बताया है। रीना पंचाल निवासी भीलूड़ा ऑडियो में अपने पति दीपक पंचाल को बोलते हुए कहती है की हैलो बिट्टू मैंने जहर की गोलियां खा ली है। पुष्पा पंचाल ने मेरे 14 तोला सोने के जेवरात और 8 लाख रुपए कैश ले लिए है और वापस नहीं दे रही है। रोशनी पंचाल ने 2 सोने की चैन व 5 लाख रुपए कैश ले लिए हैं। वह रुपए और कैश भी वापस नहीं दे रही है। इसलिए मैं जहर खाकर खा लिया है। मेरे बच्चो का ख्याल रखना। 37 सेकंड के इस ऑडियो में जहर खाने की वजह उधार दिए 13 लाख रुपये, 14 तोला सोने के जेवरात और 2 सोने की चैन वापस नहीं देना बताया है।

इधर ऑडियो सामने आने के बाद परिजन व गाँव के लोग सागवाडा थाने पहुंचे और थाने पर हंगामा खड़ा कर दिया। वही जिन-जिन लोगो का नाम मृतका ने ऑडियो में लिए है उनकी गिरफ्तारी की मांग की। ननद ईश्वरी पंचाल, बड़ी बेटी कनिका पंचाल ने कहा की रीना ने पुष्पा पंचाल व रोशनी पंचाल समेत उनके परिवार के लोगो की वजह से जहर खाकर मौत हो गई। इनके नाम सामने है फिर भी पुलिस उनको गिरफ्तार नहीं कर रही है। लोगो ने थाने के सामने नारेबाजी की।

डीएसपी नरपतसिह ने लोगों से समझाइश करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इधर कुवेत से लौटे मृतका के पति दीपक पंचाल ने मृतका रीना से उधार पैसे व गहने लेने वाले पुष्पा देवी पंचाल, उसके पति अमृतलाल पंचाल निवासी ठाकरडा, सागवाड़ा निवासी रोशनी पंचाल, डायालाल पंचाल के खिलाफ जहर खाने को मजबूर करने की रिपोर्ट सागवाड़ा थाने में दी है। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत, अन्य हुआ घायल

**आसपुर।** जिले के साबला थाना क्षेत्र के मोदपुर पिपलिया स्कूल के बाद एक ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका एक अन्य साथी गंभीर घायल हो गया। मृतक सेंटिंग कारीगर था। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। डूंगरपुर जिले के साबला थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया की खुदरडा सड़ा निवासी 18 वर्षीय लालशंकर बरगोट पिता भैरा बरगोट सेंटिंग का काम करता था। लालशंकर कल रविवार को अपने गाँव से आसपुर में सेंटिंग के काम के लिए गया था। आसपुर में सेंटिंग का काम करने के बाद देर शाम को वह बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था। उसके साथ बाइक पर उदेडा निवासी शांति मीणा भी बैठा हुआ था। इस दौरान मोदपुर पिपलिया स्कूल के पास आते ही सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वही हादसे में लालशंकर बरगोट व शांति मीणा गंभीर घायल हो गए। इधर हादसे के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। वही हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई और घायलों को गंभीर हालत में आसपुर हॉस्पिटल लेकर आए। जहा से लालशंकर की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। जहा इलाज के दौरान देर रात लालशंकर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर साबला थाना पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची। घटना की जानकारी ली। वही शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर फिलहाल शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। परिजन मौताणे व ट्रेक्टर चालक को बुलाने की मांग पर अड़े हुए है। फिलहाल पुलिस परिजनों के साथ समझाइश के प्रयास कर रही है। मृतक लालशंकर समेत 3 भाई है। वहीं उसके पिता भैरा भी मजदूरी व खेतीबाड़ी करते है।

## डूंगरपुर जिले के 80 किसानों का दल कृषि भ्रमण के लिए गुजरात रवाना

### 6 दिनों तक गुजरात में जानेंगे कृषि की नई तकनीक

**डूंगरपुर।** जिले के 80 किसानों का दल आत्मा योजना के अंतर्गत कृषि भ्रमण के लिए आज गुजरात के लिए रवाना हुआ। डूंगरपुर कलेक्ट्रेट से अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने किसानो की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डूंगरपुर जिले के ये किसान गुजरात में 6 दिन रहकर कृषि की नई-नई तकनीक को जानेंगे और डूंगरपुर आकर उन तकनीक का उपयोग कर अपनी आय व उपज में वृद्धि कर सकेंगे। डूंगरपुर जिले के कृषि विभाग के उपनिदेशक गौरीशंकर कटारा ने बताया की कृषि विभाग के आत्मा योजना के अंतर्गत डूंगरपुर जिले के 80 किसानो को बस के माध्यम से कृषि भ्रमण के लिए गुजरात के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया की एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने किसानो की बस को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकार रवाना किया। उपनिदेशक गौरीशंकर कटारा ने बताया की ये किसान गुजरात में अलग-अलग दिन गुजरात के विभिन्न अनुसन्धान केन्द्रों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्व विद्यालयों का भ्रमण कर कृषि की नई-नई तकनीक का ज्ञान प्राप्त करेंगे और गुजरात से उन तकनीको को सीखकर डूंगरपुर लौटकर उनका उपयोग कर अपनी आय व उपज में वृद्धि करेंगे। उन्होंने बताया की किसानो के साथ सहायक कृषि अधिकारी सोहनलाल मीणा, पुज्यपाल ननोमा, कृषि पर्यवेक्षक सूरजमल मनात व मगनलाल प्रजापत भी गए है।

## कलेक्टर शुभम चौधरी ने ली अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक

### निर्देशों की पालना नहीं होने पर अधिकारियो को लगाई फटकार

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की वही बैठको में दिए जाने वाले निर्देशों की पालना नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियो की फटकार लगाई। वही अधिकारियों को योजनाओं से सम्बन्ध में धरातल की जानकारी होने के साथ प्रभावी मोनिटरिंग के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक बैठक में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने सबसे पहले पूर्व में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों व उनकी पालना के सम्बन्ध की गई कार्रवाई को लेकर अधिकारियो से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियो द्वारा निर्देशों की पालना नहीं किये जाने पर कलेक्टर शुभम चौधरी ने नाराजगी जताई। कलेक्टर ने अधिकारियो को बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना अगली बैठक तक किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं व विभागियो की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान जलदाय विभाग, रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उनके ही विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी नहीं होने पर भी कलेक्टर चौधरी ने नाराजगी जताई और सभी विभाग अध्यक्षों को फ्लेगशिप व विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में अपडेट रहने के निर्देश दिए। वही अधिकारियो को आंकड़ो तक सीमित न रहकर योजनाओं की धरातल पर भी जानकारी होने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने रसद विभाग की ओर से मृत्यु होने, शादी होने पर बाहर चले जाने के मामले में चल रहे वेरिफिकेशन कार्य की जानकारी ली और 54 हजार में से अभी तक 14 हजार ही वेरिफेकेशन होने पर विभाग के अधिकारियो को वेरिफेकेशन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इधर चिरंजवी स्वास्थ्य बीमा योजना में कम पंजीकरण होने पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को शिविर व अन्य माध्यमो से लोगो को जागरूक कर पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। इधर बैठक में कलेक्टर ने मिशन बुलंदी, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, पालनहार योजना, घर-घर औषधि योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी लेकर अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## खाटूश्यामजी आ रहे विदेशी भक्त फ्लाइट में गाने लगे भजन

**जयपुर।** पटना से दिल्ली जा रही फ्लाइट के टेकऑफ होते ही अचानक केबिन में खाटूश्यामजी के जयकारे और भजन गूंजने लगे। जैसे ही महिलाओं का एक ग्रुप भजन गाने लगा तो हर कोई हैरानी से उनकी ओर देखने लगा।

बाद में एयर होस्टेस ने जाकर महिलाओं को समझाया, इसके बाद उन्होंने फ्लाइट में भजन गाना बंद किया। दरअसल, इंडिगो की ये फ्लाइट (6E 2163) सोमवार सुबह 8:25 बजे पटना से दिल्ली जा रही थी। इस फ्लाइट में करीब 20 यात्रियों का एक ग्रुप नेपाल के बीरगंज शहर से आया था। ये ग्रुप खाटूश्यामजी मेले के लिए आ रहा था।

### फ्रंट ऑफिस मैनेजमैंट सिस्टम'' की समीक्षा बैठक

## वाहनों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और परमिट से सम्बंधित सभी सेवाएं 31 मई तक ई-मित्र से जोड़ना सुनिश्चित करें: बृजेन्द्र सिंह ओला



**जयपुर।** वाहनों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और परमिट से सम्बंधित आमजन से जुड़े सभी कार्य ऑनलाईन होकर 31 मई तक सिटीजन पोर्टल पर भी ऑनलाइन कर उन्हें ई-मित्र से जोड़ा जाए।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला ने यह निर्देश सोमवार को परिवहन भवन में ''फ्रंट ऑफिस मैनेजमैंट सिस्टम'' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। ओला ने कहा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की आम जनता से जुड़ी सभी सेवाएं ऑनलाइन होकर ई-मित्र केन्द्रों से जुड़ जाने पर लोगों को आरटीओ कार्यालयों में पहुंच कर ज्यादा औपचारिकताएं नहीं करनी पड़ेगी। समीक्षा बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने विभाग की सभी सेवाओं को 31 मई तक आवश्यक रूप से ई-मित्र से जोड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए सूचना प्रोद्योगिकी तथा यातायात विभाग को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थियों का मेडिकल सर्टिफिकेट भी ऑनलाइन होने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के डेटाबेस की सहायता ली जा सकती है।

विभाग के आयुक्त महेन्द्र सोनी ने बताया कि लर्नर लाइसेंस की एक और ड्राइविंग लाइसेंस की 3 सेवाएं सभी ई-मित्र पर उपलब्ध हैं।

सिटीजन पोर्टल पर लर्नर लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस की सभी सुविधाएं सिटिजन पोर्टल पर उपलब्ध हैं जबकि वाहन रजिस्ट्रेशन की 25 में से 24 सेवाएं तथा परमिट की 14 में से 6 सुविधाएं सिटीजन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

## राजस्थान रोडवेज में फ्री सफर

### महिला दिवस पर बसों में राज्य के किसी भी शहर में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं



**जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजस्थान रोडवेज ने 8 मार्च को राज्य में महिलाओं के लिए फ्री यात्रा करवाने के आदेश जारी किए है। इस आदेशों के तहत आज रात 12 बजे से महिला यात्रियों को बसों में सफर करने लिए जीरो राशि का टिकट मिलने लगेगा। इस यात्रा का लाभ 8 मार्च तक रात 11:59 बजे तक जारी टिकट पर मिलेगा। राजस्थान रोडवेज के एमडी संदीप वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा को देखते हुए यह आदेश जारी किए है। इस आदेशों के तहत महिलाओं को 8 मार्च को राजस्थान रोडवेज में राजस्थान की सीमा के अंदर फ्री यात्रा करवाई जाएगी। हालांकि फ्री यात्रा का फायदा केवल एक्सप्रेस और सामान्य बसों में ही मिल सकेगा। एसी बस या वॉल्वो बस में महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ नहीं मिलेगा। इसके लिए 7 मार्च रात 12 बजे से जीरो बैलेंस का टिकट जनरेट होना शुरू हो जाएगा। राजस्थान रोडवेज की ओर से जयपुर स्थित सिंधी कैंप बस स्टेण्ड पर महिलाओं, बुजुर्गो और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए 8 मार्च से गोल्फ कार सर्विस शुरू होगी। बैटरी से चलने वाली इस कार में इन कैटेगिरी के पैसेंजरों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचाया जाएगा, जिसका कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस सर्विस को शुरू करवाने का उदेश्य ऐसे यात्रियों को राहत देना है जिनको अपने लगेज समेत एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आने-जाने में परेशानी होती है।

## बनकोडा बैंक ऑफ बड़ोदा में लूट का हुआ खुलासा

### शातिर 3 बदमाशो को किया गिरफ्तार, बदमाशो के खिलाफ चित्तोड़गढ़ जिलो के विभिन्न थानों में दर्ज है कई मामले




**आसपुर।** जिले की दोवडा थाना पुलिस ने 25 फ़रवरी को बनकोडा बैंक ऑफ बड़ोदा में पिस्तौल की नोक पर हुई लूट का आज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में 3 शातिर बदमाशो को गिरफ्तार किया है। वही एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

गिरफ्तार तीनो बदमाशो के खिलाफ चित्तोड़गढ़ के कई थानों में लूट व फायरिंग सहित अन्य मामले दर्ज है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया की 25 फ़रवरी को दोवडा थाना क्षेत्र के बनकोडा गाँव में दिनदहाड़े 3 बदमाशो ने पिस्तौल की नोक पर बैंक ऑफ़ बड़ोदा में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान बदमाश एक लाख 18 हजार 956 रुपए लूट कर फरार हो गए थे। जिसके बाद एसपी सुधीर जोशी के निर्देश पर अलग-अलग पुलिस टीमो का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने 150 से अधिक जगहों पर सीसीटीवी केमरे की फुटेज खंगाली और आरोपियों के चित्तोड़गढ़ में होने का क्ल्यू मिला।

जिस पर टीम ने चित्तोड़गढ़ जिले के निम्बाहेडा में अपना डेरा डाला और निम्बाहेडा निवासी भरत सिंह उर्फ़ जेड पिता पर्वतसिंह राठोड, यश उर्फ़ यतिन पिता रमेश चन्द्र सेन और जगदीश नाथ उर्फ़ जग्गा पिता जसनाथ जी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी भेरू सिंह पिता जोरावर सिंह निवासी निम्बाहेडा के साथ मिलकर उक्त वारदात को करना कुबूल किया। जिस पर पुलिस ने तीनो आरोपियों को आज गिरफ्तार किया।

### उदयपुर व चित्तोड़गढ़ में की कई वारदाते

इधर गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में उदयपुर व चित्तोड़गढ़ जिलो में चोरी, लूट व फायरिंग की कई वारदाते करना भी कुबूल किया। इधर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया की गिरफ्तार आरोपी काफी शातिर है जिनके के खिलाफ चित्तोड़गढ़ जिलो के कई थानों में चोरी, लूट व फायरिंग में अलग-अलग मामले दर्ज है। वही एसपी सुधीर जोशी ने बताया की गिरफ्तार बदमाश अपने मौज शोक पूरा करने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। गिरफ्तार आरोपी पिस्तौल रख बाइक पर रेकी किया करते थे और पिस्तौल बताकर जान से मारने की धमकी देकर ट्रक चालको, राहगीरों, शराब के ठेकों, टोल नाको व विभिन्न जगहों पर लूटपाट किया करते थे।

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है पुलिस पूछताछ में और भी वारदाते खुलने की सम्भावना है। वही पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के चौथे साथी भेरू सिंह की भी तलाश कर रही है।

### वारदात खोलने में इनका रहा अहम रोल

दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी, बनकोडा चोकी प्रभारी नेपाल सिंह, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, लोकेश, खुशपाल सिंह, माधव सिंह, भंवर सिंह के साथ डीएसटी टीम के हैड कांस्टेबल नवीन डामोर, महावीर ,मुकेश राजगोपाल ,यशपालसिंह, पंकज और साइबर सेल से अभिषेक मीणा, राहुल त्रिवेदी, जोगेंद्र सिंह, हेमेन्द्र सिंह और मनिन्द्र सिंह का वारदात खोलने में बड़ा रोल रहा है। इधर एसपी सुधीर जोशी ने टीम को रिवार्ड देने की घोषणा की है।